हरदुआ ग्राम में दिन दहाड़े मुख्यमार्ग पर युवक की हत्या

बाप की हत्या का बदला लेने को दिया वारदात को अंजाम

पन्ना, देशबन्धु। कोतवाली थाना अन्तर्गत पन्ना पहाडी खेड़ा रोड़ पर स्थित लक्ष्मीपुर ग्राम के पास हरदुआ निवासी सोनू उर्फ सुरेन्द्र बाजपेयी उम्र लगभग 32 वर्ष की अज्ञात हत्यारों द्वारा दिन दहाड़े दिन मे दस बजे हत्या कर दी गई तथा म्रतक के शव कों मुख्य मार्ग पर बीच सड़क पर डाल दिया गया तथा आरोपी फरार हो गयें। जानकारी के अनुसार म्रतक के चाचा नें बताया कि सुरेन्द्र उर्फ सोनू ट्रैक्टर लेकर पाईप एवं अन्य सामान्य लादकर लक्ष्मीपुर फार्म हाउस के पास खेती का कार्य करने के लिए सुबह नौ बजे घर से निकला था, तथा वह खेत पर कार्य कर रहा था, उसके बाद एक घंटे बाद सूचना प्राप्त हुई कि सोनू की हत्या कर दी गई है तथा उसका शव लक्ष्मीपुर के पास बीच सड़क पर पड़ा हुआ है, वहीं सड़क के नीचे खेत में ट्रैक्टर भी खड़ा है।

जानकारी मिलने पर लोग एकत्रित हो गये तथा परिवारजन भी घटना स्थल पंहुच गयें एवं पुलिस को सूचना दी गई। कोतवाली थाना प्रभारी रोहित मिश्रा तथा एसडीओंपी एसपी सिंह बघेल पुलिस बल के साथ घटना स्थल पंहुचे तथा मौका मुआयना किया गया। म्रतक सोनू का शव बीच सड़क पर पड़ा हुआ था। पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की गई तथा पंचनामा तैयार कराकर शव पीएम के लिए लाया गया। म्रतक के गलें एंव कलाई में गहरे घाव पाये गयें जिससे

अंदाजा लगाया गया है कि आरोपीयों द्वारा धारदार हथियार से म्रतक सोनू की हत्या की गई है। तथा शव कों उठाकर बीच सड़क पर डाला गया है।

उक्त घटना से पूरे क्षेत्र मे दहशत का माहोल कायम है, पुलिस द्वारा मामले मे अभी फिलहाल अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है तथा विवेचना की जा रहीं है कि आखिर हत्या में कितनें लोग शामिल रहें है। ज्ञात हो कि एक वर्ष पूर्व सोनू वाजपेयी के भाई रानू उर्फ राहुल वाजपेयी द्वारा नजदीकी ग्राम पटी के पूरन यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उक्त मामलें में पूरन यादव के परिवार द्वारा रानू तथा सोनू दोनो को आरोपी बनाने की मांग की गई थी, लेकिन सिर्फ रानू को आरोपी बनाया गया था और वह अभी भी पूरन यादव के हत्या मामले में जेंल में है। इसी लिए सोनू उर्फ सुरेन्द्र वाजपेयी की हत्या में पूरन यादव के पुत्रों पर म्रतक के पिता द्वारा हत्या करने की बात कही गई है तथा इसी घटना क्रम से जोड़कर देखा जा रहा है कि संबंधित पूरन यादव की हत्या का बदला लेने के लिए उसके पुत्रो द्वारा सोनू बाजपेयी की निर्मम हत्या की गई है। लेकिन अभी तक पुलिस द्वारा मामले को लेकर विस्तार से नहीं बताया गया, और न ही खुलासा किया गया है कि उक्त हत्याकांड में कितने आरोपी शामिल है, तथा कौन कौन आरोपी है लेकिन इस पूरे घटना क्रम में जो कड़ी सामने आ रहीं है उसमें यहीं आ रहा है कि सोनू वाजपेयी की हत्या म्रतक पूरन यादव के पुत्रों द्वारा ही की गई है तथा यह आरोप म्रतक सोनू के पिता ने भी लगाया है। पुलिस द्वारा आरोपीयों को गिरफ्तार करने के लिए जाल बिछाया गया है जल्द ही आरोपी पुलिस गिरफ्त में होगें। बताया जाता है कि उक्त हत्या कांड आरोपीयों द्वारा अपने पिता का बदला लेने के उद्देश्य से किया गया है।

इनका कहना है-फिलहाल अभी अज्ञात आरोपीयों पर मामला कायम किया गया है, हत्या कांड में कितने लोग शामिल है, यह स्पष्ट नहीं हुआ है, विवेचना चल रहीं है, तथा जो भी आरोपी होगें तत्कला गिरफ्तार किये जायेगें।

रोहित मिश्रा, थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना

प्रगति समाज सेवा संगठन ने गरीब बच्चों को बांटे गर्म कपड़े

पन्ना,देशबन्धु। बाल दिवस के अवसर पर समाजिक संस्था प्रगति समाज सेवा संगठन के द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला एवं आंगनवाड़ी पाठा, जिला पन्ना में अध्यनरत छात्र छात्राओं को गर्म कपड़ें वितरित किये गये तथा बच्चों को बाल दिवस के संबंध में विस्तार से बताया गया। बाल दिवस देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है। क्योकि श्री नेहरू बच्चो को सबसे अधिक प्यार करते थें। इस अवसर पर संगठन के अनेक लोग शामिल रहें। जिसमें ग्रुप सचालिका राजनी साहू, कल्पना यादव, अंजना खरे, अंजलि, रिया, आषा शर्मा, अमीता गुत्ता, रुपा यादव एवं सुनीता यादव दीपक रैकवार, राम कृष्ण यादव, रावेन्द्र सिंह, आशीष रेकवार, राकेश यादव, लोकपाल सिंह, श्रीमति सुहानी राजपरमार आदि उपस्थित रहें।

पन्ना टाइगर रिजर्व में हाथी ने महावत पर किया हमला, जिला अस्पताल में भर्ती

पन्ना, देशबन्धु। पन्ना टाइगर रिजर्व में दर्दनाक हादसा हो गया है। जिसमें एक हाथी द्वारा महावत पर हमला कर दिया गया है। जिसमें महावत बुरी तरह घायल हो गया है, जिसका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। जानकारी के अनुसार महावत राजू गोड़ हाथियों को खाना खिला रहा था, उसी दौरान हाथी प्रहलाद नाराज हो गया तथा उसके द्वारा महावत राजू पर हमला कर दिया गया। जिससे राजू बुरी तरह घायल हो गया है। महावत के पैर में हाथी ने दांत सें बुरी तरह काट दिया है, जिससे उसकी हालत खराब है। राजू को अन्य कर्मचारीयों द्वारा किसी प्रकार से बचाया गया है तथा घटना की जानकारी वरिष्ट अधिकारीयों को दी गई। ज्ञात हो कि विगत दो वर्ष पूर्व एक हाथीं राम बहादुर द्वारा तत्कालीन रेन्जर बी.आर. भगत को कुचलकर मार डाला था।

सार-समाचार

पन्नी में गांजा ले जा रहा युवक गिरफ्तार

शहडोल, देशबन्धु। प्लास्टिक की पन्नी में छुपा कर बेचने के लिए गांजा ले जा रहे एक व्यक्ति को पपौंध पलिस गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से मादक पदार्थ गांजा भी बरामद किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पपौंध पुलिस को एक विश्वसनीय मुखबिर सूत्र से सूचना प्राप्त हुई कि फुल्ली उर्फ शिव प्रसाद साकेत उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम पथरेही, थाना पपौंध विक्रय के उद्देश्य से एक सफेद प्लास्टिक पन्नी में मादक पदार्थ गांजा लेकर हिरवार तिराहे से अपने घर की ओर जा रहा है।

पपौंध थाना प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में पपौंध पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए हिरवार तिराहे पर घेराबंदी की तभी एक संदिग्ध व्यक्ति हिरवार की तरफ जाता हुआ दिखा। पुलिस ने जब इसे रोक कर पूंछताछ की तो उसने अपना नाम फुल्ली उर्फ शिवप्रसाद साकेत बताया। जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से 210 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत लगभग दो हजार रुपए है। पुलिस ने फुल्ली उर्फ शिवप्रसाद साकेत के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पपौंध बृजेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में सउनि मदन सिंह, सउनि. गुलाब सिंह, प्रधान आरक्षक रतन सिंह, देवराज सिंह, आरक्षक शोभनाथ यादव और संतोष सोलंकी की महत्तवपूर्ण भूमिका रही।

सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल रैपुरा में छात्र-छात्राओं ने लगाया बाल मेला

शहडोल, देशबन्धु। बाल दिवस के शुभ अवसर पर आज दिनांक 14 नवंबर को सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल मेले का आयोजन किया गया। जहां सर्वप्रथम शाहनगर खंड के सह खंड कार्यवाह कैलाश सेन द्वारा सरस्वती मां की पूजा अर्चन करते हुए फीता काटकर बाल मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने स्कूल प्रांगण में विभिन्न प्रकार के स्टांल लगायें गयें। उक्त बाल मेले मे विद्यालय प्रचार्य, शिक्षक, तथा छात्र छात्राए उपस्थित रहें।

मनहर महिला समिति में मनाया बाल दिवस

पन्ना,देशबन्धु। मनहर महिला समिति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पन्ना में बाल दिवस का आयोजन किया। जिसमें उपस्थित छात्रों द्वारा बाल मेला लगाया गया तथा छात्र छात्राओं द्वारा उक्त बाल मेला में अनेक प्रकार के खाना एवं अन्य सामग्री के स्टॉल लगाये गयें। जिसमे विद्यालय के प्राचार्य मुकेश पाठक, द्वारा लगायी गयी दुकानों से समोसे, पानीपूरी, पास्ता, मगोड़ी, चाट इत्यादि की खरीददारी की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल मुकेश पाठक ने सभी बच्चों को चॉकलेट बाटी और बाल दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में उपस्थित अनेक अभीभावकों ने भी विद्यालय प्रबंधन द्वारा आयोजित बाल दिवस कार्यक्रम की की तारीफ करते हुए कहा कि विद्यालय में हमेशा अच्छी गतिविधियां होती रहती हैं। कार्यक्रम में आकर उन्हें बहुत अच्छा लगा।

फैसबुक पोस्ट डालकर बदनाम करने के मामले में मानहानि का मामला दर्ज

पन्ना,देशबन्धु। नगर के व्यवसाई तथा संकल्प गार्डन के संचालक मनोज केशरवानी के खिलाफ फैसबुक तथा अन्य शोषल मीडिया के माध्यम से बदनाम करने के मामले को लेकर केशरवानी द्वारा माननीय न्यायालय में परिवाद दायर किया गया था। जिस पर न्यायालय श्री मान् मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की न्यायालय द्वारा धारा 500 के तहत मानहानी का प्रकरण पंजीबंद्ध किया गया है। ज्ञात हो कि श्री केशरवानी द्वारा न्यायालय में बाद दायर किया गया था कि में नगर का प्रतिष्ठित व्यवसायी हू तथा संकल्प गार्डन मैरिज हाउस का संचालन करता हूँ, पूर्व में वार्ड पार्षद भी रहा हूँ तथा मेरी पत्नी मनहर महिला समिति की निर्वाचित अध्यक्ष चुनी गई थी, इसके बावजूद मुकेश कुमार द्वारा शोषल मीडिया पर अनर्गल प्रचार प्रसार करकें हमारी छवि को बदनाम किया गया है। जिससे हमारी प्रतिष्ठा का भारी नुकसान हुआ है, जिसकों लेकर मानहानी का प्रकरण दायर किया गया था। उक्त संपूर्ण प्रकरण को न्यायालय द्वारा नोटिस मे लेते हुए संबंधित के खिलाफ धारा 500 के तहत मानहानी का मामला कायम किया है।

रोजगार सहायक महेन्द्र मिश्रा का निधन

पन्ना, देशबन्धु। शाहनगर तहसील अन्तर्गत ग्राम पंचायत तिदूनी में पदस्थ रोजगार सहायक महेंद्र मिश्रा का आकश्मिक निधन हो गया। मिश्रा के निधन पर पंचायत के सरपंच, सचिव तथा स्थानीय नागरिकों नें गहन दुख व्यक्त करते हुए भगवान से उनके परिवारजनों को उक्त बज्रपात सहन करने की शक्ती प्रदान करने की कामना की है।

भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन के अधिकार की लड़ी लड़ाई

जनजातीय गौरव दिवस पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

शहडोल, देशबन्धु। बिरसा मुंडा जयंती पर शहडोल में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि जनजातीय समाज के लिए संघर्ष में भगवान बिरसा मुंडा का बड़ा योगदान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने एक तरफ अंग्रेजों के खिलाफ जल, जंगल और जमीन के अधिकार की लड़ी और ईसाई मिशनरी हमारा धर्मांतरण कर हमारे धर्म के साथ छेड़छाड़ कर रही थी तो उसके खिलाफ भी भगवान बिरसा मुंडा ने लड़ाई लड़ी है।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा जनजाति यदि कहीं है तो वह मध्य प्रदेश में ही है और हमें इस बात का आनंद है। उन्होंने का कहा कि मध्य प्रदेश में जनजातीय समाज की एक करोड़ 21 लाख आबादी है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अपने संबोधन के दौरान कई बार प्रधानमंत्री की उपलब्धियां का जिक्र किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आजादी के बाद आदिवासी समाज के लिए सम्मान देने और उनके गौरवशाली इतिहास को देश के सामने लाने का अभियान यदि किसी ने चलाया है तो वह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर को आदिवासियों के गौरव का दिवस बनाने का काम भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही किया है।

जनजाति गौरव को कर रहे पुनर्स्थापित-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में जनजाति गौरव को पुनर्स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहे हैं। आज महान जनजाति नायक श्री बादल घोई और श्री शंकर शाह रघुनाथ शाह के संग्रहालय का लोकार्पण किया जा रहा है। टंट्या मामा भील मालवा क्षेत्र के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। प्रदेश में खरगोन के नए विश्वविद्यालय का नाम क्रांतिवीर टंट्या मामा विश्वविद्यालय रखा जा रहा है। महू के पास रेलवे स्टेशन का भी नामकरण उनके नाम पर किया गया है। प्रदेश में कोदो, कुटकी को प्रोत्साहित करने के लिए रानी दुर्गावती योजना(श्री अन्न) में एक हजार रुपए प्रति क्विंटल अनुदान देने की घोषणा सरकार ने की है।

वीरन माला का विशेष महत्व -मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जनजातीय समाज आज भी हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखे है। भगवान श्री राम के रावण के विरुद्ध संघर्ष में जनजातीय समाज ने सहयोग किया। भगवान श्री कृष्ण मोर पंख धारण करते थे, जनजातीय समाज भी मोर पंख धारण करता है। भगवान श्री राम, श्री कृष्ण, श्री बिरसा मुंडा को याद करने से हमें अपनी संस्कृति की जड़ों से जुड़ने का मौका मिलता है। आज समाज जनों ने मुझे जो वीरन माला पहनाई है, यह कोई सामान्य माला नहीं है, इसका विशेष महत्व है।

शहडोल को मिलेगी हवाई सुविधा-अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने यह घोषणा भी की शहडोल में भविष्य में जल्द ही हवाई सुविधा भी मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि बहुउद्देशीय बाणसागर परियोजना का पानी भी शहडोल के लोगों को उपलब्ध कराया जाएगा।

सरकार कर रही है बेहतरीन कार्य-राज्यपाल -कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सम्पूर्ण देश में जनजातीय कल्याण के अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। पीएम जन मन योजना और सिकलसेल उन्मूलन मिशन, जनजाति कल्याण का महाभियान है। इस महाभियान में राज्य सरकार द्वारा जनजाति कल्याण के बेहतरीन कार्य किए जा रहे हैं। अनेक विभागों के माध्यम से अति पिछड़ी जनजातियों को विकास की मुख्यधारा में लाने के कारगर प्रयास लगातार जारी है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकलसेल उन्मूलन मिशन का संकल्प मध्यप्रदेश की धरती से लिया जाना प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है। केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा सिकलसेल उन्मूलन की दिशा में जाँच और जागरूकता के कार्य सघन स्तर पर किए जा रहे हैं। प्रदेश में अब तक 82 लाख लोगों की सिकलसेल स्क्रीनिंग पूर्ण हो गई है। राज्यपाल श्री पटेल ने शहडोल ज़िले के सिकल सेल जाँच कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को सिकल सेल कार्ड वितरण का कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण-राज्यपाल श्री पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर शहडोल में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम के दौरान 229.66 करोड़ रूपये की लागत से 76 विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। जिसमें 68.15 करोड़ रुपये की लागत से 33 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 161.51 करोड़ रुपये की लागत के 43 विकास कार्यों का भूमि-पूजन शामिल है।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम गुटुम्ब, शैला नृत्य, करमा जैसे अन्य पारंपरिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। महिला बाल विकास विभाग, वन विभाग, शिक्षा एवं ट्रायवल विभाग, आजीविका मिशन, हथकरघा विभाग, कृषि विभाग, उद्या निकी विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई। जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने सभी के प्रति आभार माना। कार्यक्रम के प्रारंभ में कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने स्वागत भाषण दिया। राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अतिथियों का स्वागत जनजातीय परंपरा अनुसार किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग दिलीप जायसवाल, सांसद सीधी संसदीय क्षेत्र डॉ. राजेश मिश्रा, अध्यक्ष विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी, विधायक ब्यौहारी शरद कोल, विधायक अनूपपुर बिसाहू लाल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, योजना समिति के सदस्य कमल प्रताप सिंह, कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमन शुक्ला, पुलिस महानिरीक्षक शहडोल जोन अनुराग शर्मा, कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में जनजाति समाज के लोग उपस्थित रहे।

प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली को लेकर पन्ना बंद कर किया चक्काजाम

पन्ना,देशबन्धु। विभिन्न मामलों को लेकर प्रशासन की लचर कार्य प्रणाली के चलतें अपनी सरकार तथा शासन प्रशासन के विरोध में हिन्दुवादी संगठनों ने पूर्व घोषणा अनुसार पन्ना नगर कों बदं कराते हुए नगर में रैली निकालकर पन्ना-सतना मुख्य मार्ग डायमंड चौराहे पर चक्का जाम किया गया तथा, कलेक्टर कों ज्ञापन सौपा गया है। जिन प्रमुख मुद्दो को लेकर प्रदर्शन किया गया है, उसमें मुख्य रूप से लव जिहाद जमीन जिहाद गौहत्या अवैध बसाहट के विरोध में हजारों की संख्या में रैली निकाली और नगर बंद का आव्हान किया था। सबसे पहले जिले भर से कार्यकर्ता छत्रसाल पार्क में इकट्ठे हुए, तत्पश्चात् जन सैलाब ने पूरे नगर में भृमण कर प्रसासन को सख्त लहजे में संदेश दिया कि अब हिन्दू समाज के साथ किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नही की जाएगी और अब हर स्तर पर मुहतोड़ जवाव दिया जाएगा।

आदिवासी छात्रावास से लापता हुए चार बच्चे

स्कूल बैग लेकर निकले थे, न विद्यालय पहुंचे और न वापस आए

उमरिया, देशबन्धु। मध्य प्रदेश के उमरिया जिले के नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक छात्रावास से कक्षा 8वीं के चार आदिवासी छात्र अचानक लापता हो गए हैं। गुरुवार सुबह 10 बजे ये छात्र स्कूल बैग लेकर विद्यालय के लिए निकले थे, लेकिन विद्यालय नहीं पहुंचे। प्रिंसिपल द्वारा सूचना मिलने के बाद वार्डन ने छात्रों की तलाश की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो कोतवाली थाने में

गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई।

शिकायत के बाद जिला प्रशासन और पुलिस हरकत में आ गए। शहडोल जीआरपी ने एक छात्र को रेलवे स्टेशन पर बरामद किया, लेकिन अन्य तीन छात्र अभी भी लापता हैं। जिला परियोजना समन्वयक, सर्व शिक्षा अभियान, संजय सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है और छात्रों को जल्द ढूंढने के प्रयास जारी हैं।

लापता छात्रों की घटना से जिले में हड़कंप मच गया है। यह घटना छात्रावासों में सुरक्षा और देखरेख की खामियों को उजागर करती है। प्रशासन ने जांच तेज कर दी है और अन्य छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। फिलहाल, प्रशासन व पुलिस छात्रों की खोज में जुटे हुए हैं। इस घटना ने अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों में चिंता बढ़ा दी है।

भाजपा सरकार की नल-जल योजना धराशायी

ग्रामीण आज भी तरस रहे बूंद-बूंद पानी को

आशीष कुमार दुबे

उमरिया, देशबन्धु। केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी परियोजना नल जल को लागू करने के पीछे सरकार की मंशा थी कि हर घर तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो, ताकि जन सामान्य को सुगमता से पानी उपलब्धता से मिल सके। इसके लिए गांव गांव में टूयूब बेल का उत्खनन करा पानी की टंकी तैयार कर पाइप लाइन का जाल बिछाया जा रहा है। इन सब कार्यों में शासन पानी की तरह पैसा बहा रही है, लेकिन जिस सुविधा के लिए यह सब किया जा रहा है कि लोगों को मूलभूत सुविधा पानी की आपूर्ति हो सकेंगी , वह आज भी नागरिकों से कोसों दूर दिखाई दे रही है।

इस महत्वाकांक्षी योजना को भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने लागू करते हुए वर्ष 2019 में लागू किया था, जिसकी घोषणा भारत सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने करते हुए बजट आंबटित किया गया था, साथ ही मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार ने अपने हिस्से की राशि बजट में 22 हजार करोड़ प्रदान किया गया था। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को अधिकारियों ने चारागाह बना लिया, यहीं वजह है कि उमरिया जिले में यह योजना साकार होने से पहले ही प्लाप हो कर रह गई है, जिसके कारण आज भी करोड़ों रुपयों की योजना गांवो में ठप नजर आ रही है। उमरिया जिले के सैकड़ों गांवों में जहां पर योजना संचालित बताई जा रही है, वहां पर भी आज ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं।

उमरिया जिले के दर्जनों ग्राम पंचायतों में वर्षों से नल-जल बनकर तैयार हैं लेकिन आज तक ग्राम पंचायतों को हैंडओवर नहीं किया गया। करकेली जनपद पंचायत की बड़ागांव ग्राम में नल जल योजना के तहत चार स्थानों में नल-जल योजना स्थापित कर लोगों को स्वच्छ और पर्याप्त जल उपलब्ध कराने के लिए शासन के व्दारा करोड़ों रूपयों के वारे-न्यारे किए है लेकिन इन नल जल परियोजनाओ में से अभी तक दो-अभी भी अक्रियाशील बताई जा रही है। बताया जाता है कि दोनों परियोजनाएं लगभग तीन डेढ़ वर्ष से बनकर सफेद हांथी साबित हो रही है। बड़ागांव ग्राम पंचायत के सरपंच राकेश कुमार द्विवेदी ने बातचीत में बताया कि नल जल की दो परियोजनायें अभी भी पंचायत को हैण्डओवर नहीं की गयी है जिसके कारण ग्रामीणों को स्वच्छ, शुद्ध पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जबकि शासन के व्दारा दोनों परियोजना में लगभग एकाध करोड़ खर्च किये जा चुके हैं। इन दोनों परियोजनाओं के निर्माण कार्यों में विभाग और ठेकेदार की मनमानी पूर्ण रवैया के कारण काम में घटियापन की शिकायत होने के कारण हैण्डओवर नहीं लिया गया है।

बिगड़े हैंडपम्प, लोग परेशान-नल-जल परियोजनाओ के बंटाधार की शिकायतों की खबरो के बीच हैण्डपम्प की हालात भी गांवों में अत्यंत खराब बतायी जाती है। हैण्डपम्पों को सुधारने की जबाबदारी जबसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने ठेकेदारो को सौंपा है, तब से लोगों को पेयजल आपूर्ति में भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। विदित होवे कि ग्रामीण अंचल की अधिकांश आबादी अभी भी हैण्ड पम्पो पर आश्रित है और जब यह पम्प बिगड़ जाते हैं तो इनको नदी नाले, तालाब और पोखरों का सहारा लेना पड़ता है। बिगड़े हैण्डपम्प सुधारने में विभाग के ठेकेदारो को कई महीने इंतजार करना पड़ता है। ध्यान देने योग्य है कि हैण्डपम्प के सुधार कार्य सुचारू रूप से हों सके, इसके लिए जनपद पंचायत पाली में मोबाइल नंबर जो दिया गया है।उस नंबर को अटैण्ड नहीं किया जाता है, जिससे लोगों को मजबूरन सी एम हेल्पलाइन नंबर का सहारा लेना पड़ता है। पाली जनपद पंचायत अंतर्गत बेली ग्राम पंचायत के जमुहाई गांव में स्थित एक हैण्ड पम्प पिछले दो महीने से खराब होने के कारण दो सीएम हेल्पलाइन लगायी गई थी।